| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नवभारत | इंदौर | 1.12.2024 | 12 | मेट्रो का संचालन शुरू करने को लेकर निरीक्षण |



# मेट्रो का संचालन शुरू करने को लेकर निरीक्षण



- सभी काम समय सीमा में पूरे करें - चैतन्य
- प्रबंध संचालक ने ली निर्माण कार्य की जानकारी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में मेट्रो रेल को दिसंबर में शुरू करने की तैयारियां जोरों से चल रही है. इसी को देखते हुए मेट्रो रेल के प्रबंध संचालक लगातार हर सप्ताह मेट्रो की प्रगति रिपोर्ट ले रहे है. आज भी प्रबंध संचालक ने गांधी नगर से मालवीय नगर चौराहे तक निर्माण कार्य की जानकारी ली. साथ ही समीक्षा बैठक में ठेकेदार एजेंसियों को तय समय सीमा में काम खत्म करने के निर्देश दिए.**

मध्यप्रदेश मेट्रो रेल प्रबंध संचालक एस कृष्ण चैतन्य ने आज मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडोर के 16 मेट्रो स्टेशन गांधीनगर स्टेशन से मालवीय नगर चौराहा स्टेशन, रेडिसन चौराहे के साथ गांधीनगर डिपो के निर्माण कार्यों को देखा. साथ ही मेट्रो में आमजनता का सफर संचालित करने के उद्देश्य से मेट्रो सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर का स्थल निरीक्षण किया. चैतन्य ने अधिकारियों से मेट्रो ट्रेन चलाने को लेकर सभी स्टेशन पर बचे सिविल और सिस्टम कार्यों को जल्दी पूरा करवाने के निर्देश दिए.

इस दौरान स्टेशन डिज़ाइन एवं आंतरिक एवं बाहरी सौंदर्यीकरण पर चर्चा की. उन्होंने अधिकारियों से कहा कि समयसीमा में सभी कार्यों को पूरा करें, ताकि मेट्रो का संचालन शीघ्र शुरू किया जा सके. आज समीक्षा बैठक में वरिष्ठ अधिकारी शोभित टंडन, निदेशक (सिस्टम), अजय गुप्ता, निदेशक (प्रोजेक्ट्स), रणवीर सिंह राजपूत महाप्रबंधक (सिविल एलेवेटड), अजय कुमार महाप्रबंधक (सिविल अन्डरग्राउन्ड), राजीव कुमार गोयल, महाप्रबंधक (ऐड्मिन) के साथ जनरल कंसल्टेंट और मेट्रो निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | हरिभूमि | इंदौर | 1.12.2024 | 03 | इंदौर में मेट्रो संचालन को लेकर अधिकारियों ने किया निरीक्षण, भोपाल में चल रही है तैयारी |



### मेट्रो संचालन के लिए प्रबंध संचालक ने संभावनाओं पर किया विचार

# इंदौर में मेट्रो संचालन को लेकर अधिकारियों ने किया निरीक्षण, भोपाल में चल रही है तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश मेट्रो कंपनी के प्रबंध संचालक शनिवार को इंदौर स्थित गांधी नगर डिपो पहुंचे। वहां उन्होंने इंदौर मेट्रो के 10वें रोलिंग स्टॉक के साथ 3 कोच की मेट्रो ट्रेन का निरीक्षण भी किया गया। कंपनी के एमडी एस कृष्ण चैतन्य गत दिवस ही अधिकारियों के साथ वहां पहुंचे और इंदौर मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडोर प्रगति को लेकर जानकारी ली। शनिवार को 16 मेट्रो स्टेशन गांधीनगर स्टेशन से मालवीय नगर चौराहा स्टेशन रेडिसन स्क्वेर के साथ साथ गांधीनगर डिपो पर चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया।

अधिकारियों के अनुसार इंदौर मेट्रो को शीघ्र ही आमजन के लिए संचालन में जाने के उद्देश्य से एमडी ने इंदौर मेट्रो सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर के साथ 2 सम्पूर्ण कॉरीडोर की साप्ताहिक प्रगति को लेकर स्थलीय



निरीक्षण किया। अधिकारियों से मेट्रो ट्रेन परिचालन को ध्यान में रखते हुए सभी स्टेशन पर शेष बचे सिविल और सिस्टम वर्क को यथाशीघ्र पूरा करवाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सुपर प्रॉयोरिटी कॉरिडोर पर मेट्रो परिचालन की शुरुआत करने तथा मानक एवं सुरक्षित जन परिवहन के रूप में स्थापित होने के मेट्रो परियोजना की जांच कर सभी तैयारियों पर जानकारी ली। एमडी चैतन्य ने परियोजना की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और स्टेशन डिजाइन सौंदर्यीकरण पर भी चर्चा की। बता दें कि अभी अभी मेट्रो की तैयारियां ही चल रही है।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | नईदुनिया | इंदौर | 1.12.2024 | 04 | यह है शहर के विकास का पथ... |



## यह है शहर के विकास का पथ...



कस्बे से शहर में तब्दील हुआ इंदौर अब महानगर बनने की ओर अग्रसर है। विकास के पथ पर बढ़ते शहर को गति प्रदान कर... रहे हैं उनमें... सहायक ... जल्द मेट्रो चले इसलिए सघन प्रयास किए जा रहे हैं। विजय नगर से बापट चौराहे के बीच ट्रैक के निर्माण कार्य की यह तस्वीर इसी प्रयास का आईना है जो मेट्रो सिटी आफ इंदौर के कंसेप्ट को साकार करेगी। ● राजू पवार

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | पत्रिका | इंदौर | 3.12.2024 | | इंदौर के विकास का नया पथ |


पत्रिका ZOOM HYPER LOCAL

पत्रिका QR न्यूज

खबरों में लगे QR कोड को स्कैन कर आप पढ़ सकते हैं विस्तृत खबर और देख सकते हैं अधिक फोटोज और वीडियो।

इंदौर

मंगलवार, 3 दिसंबर, 2024


# इंदौर के विकास का नया पथ



**इंदौर.** शहर के एमआर-10 पर एक तरफ जहां आइएसबीटी (इंटर स्टेट बस टर्मिनल) तैयार हो रहा है तो दूसरी तरफ मेट्रो स्टेशन को भी शीघ्र ही इससे जोड़ दिया जाएगा। आगामी दिनों में यात्री सीधे मेट्रो से बस स्टैण्ड तक आसानी से आ-जा सकेंगे। **फोटो :** रवींद्र सेठिया

**MP METRO NEWS**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | Fress Press | Indore | 14.12.24 | 4 | Metro MD inspects super priority corridor |



# Metro MD inspects super priority corridor



**Our Staff Reporter**
INDORE

Managing director, Madhya Pradesh Metro Rail Corporation took the progress report of the construction work going on the entire priority corridor including Indore Metro Super Priority Corridor and did a field inspection.

Managing director S Krishna Chaitanya directed all contractors associated with the project to prepare the final list of the remaining work and prepare the report on daily basis so that all preparations and work can be completed on time.

He also gave instructions to complete the work of Entry-Exit gate being constructed from ISBT Metro Station towards Bus Stand through Foot Over Bridge (FoB) under Metro Multi Modal Transport Connectivity at ISBT Metro Station as soon as possible.

Starting the site inspection from Gandhi Nagar Depot, he inspected the construction work and system work going on in the final phase in the administrative building and directed to complete the remaining work with full specification.

He learned about the progress of OCC building, conference hall and other important structures of the administrative building. While inspecting various units of the administrative building, he also inquired about the specific work places of different teams and the equipment with state-of-the-art technology for metro operation.

He inspected the major components like civil, system, rolling stock, traffic, signalling etc. While inspecting the minute aspects of the construction work on the spot, he directed to prepare the proposed route (Gandhi Nagar to SC-3 station) to be started first as per the standards of CRMS.

Along with this, instructions were also given to complete both the civil and system construction works from SC-3 station to Malviya Nagar station (Radisson Square) on time.

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 6 | नईदुनिया | इंदौर | 14.12.24 | 11 | मेट्रो डिपो व कोच के  निरीक्षण को अगले सप्ताह आ सकती है सीएमआरएस टीम |

नईदुनिया
इंदौर, शनिवार, 14 दिसंबर, 2024
इंदौर सिटी
Pg-II

# मेट्रो डिपो व कोच के निरीक्षण को अगले सप्ताह आ सकती है सीएमआरएस टीम

**नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर :** नए साल में शहरवासी मेट्रो में बैठकर सफर कर सकें, इस संबंध में अब प्रक्रिया अंतिम दौर में चल रही है। लखनऊ के अनुसंधान डिजाइन व मानक संगठन द्वारा मेट्रो कोच में यात्री सुरक्षा की रिपोर्ट अगले दो से तीन दिन में आने की संभावना है। ऐसे में सप्ताह के अंत तक कमिश्नर आफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी (सीएमआरएस) की टीम मेट्रो कोच व डिपो के निरीक्षण



के लिए इंदौर आएगी। इसके बाद सीएमआरएस की अन्य टीम 5.9 किलोमीटर के मेट्रो के सुपर प्रायोरिटी कारिडोर व स्टेशन का निरीक्षण करने के लिए आएगी। सीएमआरएस से क्लीयरेंस मिलने के बाद कमर्शियल रन शुरू होगा और शहरवासी मेट्रो में बैठ सकेंगे।

शुक्रवार को मेट्रो के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य ने इंदौर मेट्रो के सुपर प्रायोरिटी कारिडोर के साथ ही जारी निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने सुपर प्रायोरिटी कारिडोर प्रोजेक्ट से जुड़े सभी ठेकेदारों को पैसेंजर रन के शेष बचे कार्यों की रिपोर्ट हर दिन देने के निर्देश दिए। आइएसबीटी मेट्रो स्टेशन पर मल्टी माडल ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी के लिए बनाए जा रहे फुटओवर व बस स्टैंड परिसर में बन रहे प्रवेश व निकासी गेट का कार्य जल्द पूरा करने को कहा।

एमडी ने डिपो परिसर स्थित प्रशासनिक भवन के ओसीसी भवन, कांफ्रेंस हाल तथा अन्य महत्वपूर्ण संरचनाओं की प्रगति देखी। मेट्रो के एससी-3 स्टेशन से मालवीय नगर स्टेशन के सिविल तथा सिस्टम दोनों प्रकार के निर्माण कार्यों को भी समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।



मेट्रो के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य ने आइएसबीटी के पास बन रहे फुटओवर ब्रिज का निरीक्षण किया। ● सौजन्य : मेट्रो प्रबंधन

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 7 | पीपुल्स समाचार | इंदौर | 14.12.24 | 5 | मेट्रो के पब्लिक रन सम्बन्धी कार्यो की रोजाना होगी समीक्षा : एमडी |


बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रादेशिक खेल व्यापार

इंदौर सिटी Page: 5 December 14, 2024


# मेट्रो के पब्लिक रन संबंधी कामों की रोजाना होगी समीक्षा : एमडी


पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर
मो.नं. 9584460010


मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन जल्द ही गांधीनगर से टीसीएस मेट्रो स्टेशन चौराहे तक सुपर कॉरिडोर पब्लिक रन शुरू करने वाला है, जिसके बाद मेट्रो का सफर आम नागरिक के लिए 5 किलोमीटर के दायरे में आरंभ हो जाएगा। इसके लिए तैयारियां चल रही हैं। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने पब्लिक रन से जुड़े हुए शेष कामों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित विभागों को अब प्रतिदिन रिपोर्ट बचे काम की देनी होगी। इससे पहले सप्ताहिक रिपोर्टिंग होती थी।

**सीएमआरएस जांच की तैयारियां अंतिम दौर में पहुंचीं-** एमडी एस चैतन्य ने बताया कि पब्लिक रन के लिए तैयारियां की जा रही हैं। जल्द ही मेट्रो रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीएमआरएस) जांच दल इंदौर आएगा। लगभग 12 दिनों तक निरीक्षण चलेगा। वर्तमान में जो काम पूरे होते जा रहे उनकी सूची सीएमआरएस को भेजी जा रही है। इसी अनुसार निरीक्षण होगा, जिसमें यात्रियों से जुड़ी प्रत्येक सुविधा उनके अनुसार उपलब्ध है या उसमें कुछ कमी बाकी है इसकी जांच होगी। कम पाए जाने पर सुधार करना होगा।

## सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर का किया निरीक्षण



**आईएसबीटी और मेट्रो स्टेशन के बीच एफओबी**

एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने बताया कि आईएसबीटी मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी के तहत फुट ओवरब्रिज के जरिए मेट्रो स्टेशन और बस स्टैंड को जोड़ा जा रहा है। इसके लिए यहा इंट्री और एक्जिट गेट के ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। यह कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए, साथ ही गांधी नगर डिपो में प्रशासनिक भवन के चल रहे अंतिम चरण के निर्माण कार्य के साथ सिविल, सिस्टम, रोलिंग स्टॉक, ट्रैफिक, सिग्नलिंग और सिस्टम वर्क का निरीक्षण किया।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | पत्रिका | इंदौर | 14.12.24 | 7 | मेट्रो के कमर्शियल रन की तैयारी , बचे कार्यो की हर दिन ली जायेगी प्रगति रिपोर्ट |

पत्रिका

### आइएसबीटी के फुट ब्रिज का काम तेज करने के एमडी ने दिए निर्देश

# मेट्रो के कमर्शियल रन की तैयारी, बचे कार्यों की हर दिन ली जाएगी प्रगति रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

इंदौर. मेट्रो के कमर्शियल रन के लिए तैयारी तेज कर दी गई हैं। जल्द ही सीएमआरएस की टीम दौरा करेगी और बचे हुए काम की प्रतिदिन रिपोर्ट तैयार होगी। वरिष्ठ अफसर निगरानी करेंगे। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने गुरुवार को अफसर और ठेकेदारों के साथ समीक्षा बैठक की तथा गुरुवार को प्रायोरिटी कॉरिडोर का दौरा कर निर्माण कार्यों को देखा। सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर पैसेंजर रन के शेष बचे कार्यों की प्रतिदिन के अनुसार प्रगति रिपोर्ट ली जाएगी। प्रबंध संचालक द्वारा प्रोजेक्ट से जुड़े सभी ठेकेदारों को शेष बचे कार्यों की अंतिम सूची तैयार कर प्रतिदिन की गति से रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। आइएसबीटी मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी के तहत फुट ओवर ब्रिज से आइएसबीटी को जोड़ने का काम जल्द पूरा करने को कहा है।



गांधी नगर डिपो से स्थल निरीक्षण कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्रबंध संचालक ने प्रशासनिक भवन में चल रहे अंतिम चरण के निर्माण कार्य तथा सिस्टम वर्क का अवलोकन किया। कमर्शियल रन के प्रस्तावित मार्ग (गांधी नगर से एस सी -3 स्टेशन ) को मानकों के अनुसार तैयार करने के निर्देश दिए।

14/12/2024 | Indore City | Page : 7
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 9 | दस्तक | इंदौर | 14.12.24 | 2 | मेट्रो कॉरिडोर पर जारी निर्माणकार्यो का निरिक्षण |







# मेट्रो कॉरिडोर पर जारी निर्माण कार्यों का निरीक्षण

## प्रबंध संचालक कृष्ण चैतन्य ने प्रगति का जायजा लिया

इन्दौर ( दस्तक )।

**सुपर प्रयोरिटी कॉरीडोर पर पैसेंजर रन के शेष बचे कार्यों की प्रतिदिन के अनुसार ली जाएगी। प्रगति रिपोर्ट प्रबंध संचालक द्वारा प्रोजेक्ट से जुड़े सभी कांट्रेक्टर्स को शेष बचे कार्यों की अंतिम सूची तैयार कर प्रति दिन की गति से रिपोर्ट तैयार करकरने के निर्देश दिये जिससे सभी तैयारियां एवं कार्य समय पर पूर्ण हो सके।**

मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी के तहत फुट ओवर ब्रिज फोब के जरिए मेट्रो स्टेशन से बस स्टैन्ड की ओर बन रहे गेट के कार्य को भी जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए एस. कृष्ण चैतन्य आईएएस, प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरिशन ने कल दिनांक 12 दिसंबर 2024 को मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ बैठक कर प्राय: सभी अवयवों की प्रगति से अवगत होने के उपरांत आज दिनांक 13 दिसंबर 2024 को निर्माण कार्यों का भौतिक निरीक्षण किया। गांधी नगर डिपो से स्थल निरीक्षण कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्रबंध संचालक ने प्रशासनिक भवन में चल रहे अंतिम चरण के निर्माण कार्य तथा सिस्टम वर्क का अवलोकन किया तथा शेष बचे कार्यों को पूरी विशिष्टता के साथ पूरा करने के निर्देश दिये।

प्रबंध संचालक ने प्रशासनिक भवन के ओ सी सी भवन कॉन्फ्रेंस हॉल तथा अन्य महत्वपूर्ण संरचनाओं की प्रगति देखी प्रशासनिक भवन के विविध इकाईयों का निरीक्षण करते हुए प्रबंध संचालक ने मेट्रो संचालन के लिए अलग अलग टीम के विशिष्ट कार्य स्थलों तथा अत्याधुनिक तकनीक युक्त ईक्विपमेंट की भी जानकारी ली। ततपश्चात प्रबंध संचालक ने अधिकारियों से रोलिंग स्टॉक से संबन्धित रिपेयर बे, इन्सपैक्शन बे आदि के संबन्ध में भी अध्यतन जानकारी ली। इंदौर मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडोर के निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण करते हुए प्रबंध संचालक ने सिविल सिस्टम, रोलिंग स्टॉक, ट्रेफिक सिग्नल्लिंग आदि प्रमुख अवयवों का मुआइना किया।

उन्होने निर्माण कार्य के सूक्ष्म पहलुओं का ऑन स्पॉट मुआइना करते हुए सबसे पहले शुरू होने वाले प्रस्तावित मार्ग गांधी नगर से एस सी -3 स्टेशन को सीएमआरएस के मानकों के अनुसार तैयार करने का निर्देश दिया मेट्रो प्रोजेक्ट निर्माण के लिए समय की प्रतिबद्धता दोहराते हुए प्रबंध संचालक ने सभी स्तकेहोल्डेर्स को पहली कड़ी मे शुरू होने वाले गांधी नगर से एस सी -3 स्टेशन तक के सूक्ष्म निर्माण पहलुओं को पूरा कर सीएमआरएस विजिट की तैयारी करने के निर्देश दियेसाथ ही एस सी -3 स्टेशन से मालवीय नगर स्टेशन रेडिसन स्क्वायर के सिविल तथा सिस्टम दोनों प्रकार के निर्माण कार्ये को भी समय मे पूरा करने के निर्देश दिये। इंदौर एस. कृष्ण चैतन्य आईएएस, प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा आज प्रयोरिटी कोरिडोर गांधीनगर स्टेशन से मालवीय नगर चौराहा स्टेशन एवं गांधीनगर डिपो पर चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की एवं स्थलीय निरीक्षण किया प्रबंध संचालक के समीक्षा बैठक एवं निरीक्षण में वरिष्ठ अधिकारीगण अजय गुप्ता, निदेशक (प्रोजेक्ट्स), रणवीर सिंह राजपूत महाप्रबंधक सिविल एलेवेटड अजय कुमार महाप्रबंधक सिविल अन्डरग्राउन्ड के साथ-साथ जनरल कंसल्टेंट और मेट्रो निर्माण संवेदकों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

**MP Metro News**

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | Free Press Journal | Indore | 21.12.2024 | 03 | MPMRCL signs contract with BEL for indigenous PSDs |



**DEVELOPMENT|** Working towards passenger safety with latest technology

# MPMRCL signs contract with BEL for indigenous PSDs

**Our Staff Reporter**
INDORE

Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited (MPMRCL) signed a contract with Bharat Electronics Limited (BEL), a Government of India Enterprise under the Ministry of Defence, for indigenously manufactured Platform Screen Doors (PSDs) for the Bhopal and Indore Metro Rail Projects, on Thursday.

S Krishna Chaitanya, managing director, MPMRCL, Arun Kumar Shrivastav, GM (Signal & PSD), Satyendra Maurya, Sr DGM (PSD), Swapnil Mahajan, AM (PSD) and others were present along with Deepa Bajpai, GM (BEL Panchkula) and others.

Metro officials said PSDs will be installed at Bhopal and Indore metro stations for crowd management. This will stop people from entering the track. Also, there will be no risk of any person falling on the track or getting hit by a moving train.

PSD metro door acts as a barrier in the form of a glass wall between the track and the platform. The doors installed in it open and close when the metro train arrives.



Arsh- METRO 1.1 – MPMRCL and BEL officials sign contract

There are two types of PSD gates. Platform screen doors are of full height and half height. PSD gates open only after the metro train stops on the platform. Due to this, no one can accidentally fall on the track or jump in front of the train. PSD gate also helps better crowd management as passengers know the exact location of the train door opening and can queue up accordingly.

## Benefits from PSD Gates

- Ventilation will be controlled by PSD gate. Gusts of wind are often felt when the metro reaches the station, due to which passengers standing on the platform can get disbalanced.
- Due to the high speed of train, there will be no sudden change in temperature due to the strong gust of wind. This will require less electricity for using AC.
- Noise pollution will be reduced by PSD gate. Due to this, passengers will not have any problem listening to the announcements made on the platform.

MP Metro News

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 11 | नईदुनिया | इंदौर | 26.12.24 | 3 | नए साल में होगा मेट्रो का सेफ्टी परीक्षण |



# नए साल में होगा मेट्रो का सेफ्टी परीक्षण

## मेट्रो ● दस्तावेज भेजने की प्रक्रिया शुरू, पांचों स्टेशन पर तैयारी को अंतिम रूप देने की कवायद


**नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर:** इंदौर मेट्रो के सुपर प्रायोरिटी कारिडोर पर कमर्शियल रन करने के लिए तैयारी पूर्णता की ओर है। कमिश्नर आफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी (सीएमआरएस) की टीम नई दिल्ली से नए साल के शुरुआती सप्ताह में जांच के लिए इंदौर आ सकती है।

मेट्रो प्रबंधन द्वारा सीएमआरएस टीम को प्रोजेक्ट संबंधित सभी दस्तावेज दिए जा चुके है। लखनऊ के अनुसंधान डिजाइन व मान संगठन द्वारा मेट्रो डिपो व कोच की नवंबर माह में जो जांच की गई थी, उसकी रिपोर्ट भी सीएमआरएस को सौंपी जा चुकी है।


ऐसे में अब सीएमआरएस की जांच प्रक्रिया संबंधित सभी कागजी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद टीम के इंदौर निरीक्षण आने का इंतजार किया जा रहा है। सबसे पहले सीएमआरएस की टीम डिपो वा कोच के निरीक्षण के लिए इंदौर आएगी। इसके बाद सीएमआरएस की एक अन्य टीम 5.9 किलोमीटर के सुपर प्रायोरिटी कारिडोर व उस पर बने पांच मेट्रो स्टेशन पर मौजूद यात्री सुविधा व इंतजाम के निरीक्षण के लिए आएगी। सीएमआरएस के निरीक्षण के बाद ही सुपर प्रायोरिटी कारिडोर पर कमर्शियल रन शुरू हो सकेगा।



स्टेशन पर यात्रियों के बैठने के लिए कुर्सियां भी लगाई जा रही है। ● नईदुनिया



प्लेटफार्म पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए लगे हैं सीसीटीवी कैमरे। ● नईदुनिया




मेट्रो स्टेशन पर ट्रेन के आगमन की सूचना देने के लिए डिस्प्ले बोर्ड भी तैयार है। ● नईदुनिया

### मेट्रो स्टेशन पर किए इंतजाम

सीएमआरएस के दौरे से पहले सुपर प्रायोरिटी कारिडोर के मेट्रो स्टेशन पर यात्री सुविधाओं से जुड़ी तैयारी पूर्ण की जा रही है। स्टेशन पर स्पीकर, लाइट का इंस्टालेशन की प्रक्रिया जारी है। सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर तीन पर यह प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। सभी पांचों निर्धारित स्टेशन पर यात्री सूचना डिस्प्ले पाइंट की मशीन इंस्टाल हो चुकी है। डिस्प्ले पर ट्रेन के आने-जाने की सूचना प्रदर्शित हो रही है। स्टेशन परिसर में सिग्नल व रेडियो एंटीना उपकरण रूम तैयार हो चुके है। मेट्रो ट्रैक के पास के सिग्नल भी तैयार है। स्टेशन परिसर में समय की जानकारी देने के लिए घड़ी भी लगाई जा चुकी है। स्टेशन परिसर में छह एक्सेलेटर और चार लिफ्ट भी तैयार है। स्टेशन परिसर में टिकट काउंटर भी तैयार हो चुका है। सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर तीन के बाहरी एलिवेशन का काम पूर्णता की ओर है।

**MP Metro News**

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 12 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 28.12.24 | 02 | मेट्रो का कमर्शियल रन; सीएमआरएस की टीम जनवरी में करेगी निरीक्षण, उसके बाद ही शुरू होगा संचालन |

दैनिक भास्कर इंदौर 28-12-2024 Pg-02

# मेट्रो का कमर्शियल रन; सीएमआरएस की टीम जनवरी में करेगी निरीक्षण, उसके बाद ही शुरू होगा संचालन

## लखनऊ की रिपोर्ट के बाद अब आगे बढ़ेगी प्रक्रिया

भास्कर संवाददाता | इंदौर

मेट्रो का कमर्शियल रन शुरू करने के लिए कॉर्पोरेशन की तैयारियां लगभग पूरी हो गईं। रेलवे के रिसर्च, डिजाइन व स्टैंडर्ड ऑर्गनाइजेशन (आरडीएसओ) लखनऊ ने भी निरीक्षण रिपोर्ट सौंप दी। अब जनवरी के पहले सप्ताह में कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) ट्रैक का परीक्षण कर संचालन का समय तय करेगा।

बता दें, कॉर्पोरेशन ने दिसंबर से कमर्शियल रन शुरू करने का दावा किया था। फिलहाल इसकी शुरुआत जनवरी से ही हो सकेगी। सुपर कॉरिडोर पर प्रायोरिटी कॉरिडोर गांधी नगर से टीसीएस चौराहे तक इसकी शुरुआत होनी है। इसके लिए पांच स्टेशन, ट्रैक, डिपो, ऑपरेशन सेंटर लगभग तैयार हो चुके। कई बार मेट्रो का ट्रायल भी किया जा चुका। हाल ही में आरडीएसओ लखनऊ से मेट्रो कोच की सेफ्टी रिपोर्ट भी मिल चुकी है।



मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर यानी गांधी नगर से टीसीएस चौराहे के बीच के स्टेशनों पर काम चल रहा है।

## तैयारियों की समीक्षा आज की जाएगी

अफसरों के अनुसार, अब सीएमआरएस के दल का इंतजार है। वह निरीक्षण कर जल्द ही तारीख तय करेगा। इधर, कॉर्पोरेशन के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य शनिवार को तैयारियों की समीक्षा कर वेंडर से चर्चा करेंगे।